# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु,
## सिद्धार्थनगर, उ0प्र0–272202
Website : www.suksn.edu.in – Email Id : registrarsidduniv@gmail.com


पत्रांक: 745 / सि0वि0वि0 / सम्बद्धता / 2026 दिनांक 18 / 08 / 2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर।

विषय–उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्रावासों की गुणवत्ता के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र सं0–832 / सत्तर–3–2026–2082199, दिनांक–18 अगस्त, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें उच्च शिक्षण संस्थाओं में स्थापित छात्रावासों के नियमित निरीक्षण, समुचित व्यवस्थाएँ, गुणवत्तापूर्ण मानकों के अनुरुप सुविधाएं उपलब्ध करातें हुए छात्रावास संचालित किये जायें, साथ ही यह भी अवगत कराना है कि उपरोक्त के क्रम में विशेष अभियान चलाते हुए निरंतर छात्रावासों में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण कराते हुए एवं छात्रों से प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर समस्त व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित करते हुए प्रत्येक कार्यदिवस में अपरान्ह् 04:00 बजें निर्धारित प्रारूप पर समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों की समेकित सूचना निदेशक, उच्च शिक्षा को उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिया गया है।

अतः महाविद्यालयों में संचालित छात्रावासों के संबंध में निम्नांकित सूचनाएं निर्धारित प्रारूप में तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

| महाविद्यालय का प्रकार | कुल छात्रावास संख्या | कुल छात्रावास में अन्तःवासी छात्र | कुल छात्रावास में अन्तःवासी छात्राएं | निरीक्षण दिनॉक | निरीक्षण आख्या (कमियां, बिल्डिंग, खाना, वॉशरूम, विद्युतीकरण आदि के सम्बन्ध में।) | कुल दैनिक निरीक्षण | शिकायतें (छात्रावास का नाम सहित) | शिकायतों के निवारण हेतु कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| योग | | छात्रावास में अन्तःवासी छात्र–छात्राओं की कुल संख्या– | | | | | | |

कृपया उक्त से अवगत होने का कष्ट करें।

भवदीय
कुलसचिव
सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु,
सिद्धार्थनगर।